तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 नगुला में पेयजल संकट, नदी के भरोसे ग्रामीणों की दिनचर्या



खबर संक्षेप

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, विभागीय गतिविधियों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को पारस पोर्टल की नियमित निगरानी करते हुए प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बेटियां ही भविष्य हैं विषय पर भाषण प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ा, विकासखंड खड़गवां में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बेटियां ही भविष्य हैं विषय पर भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा, सुरक्षा, समानता, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बालिका शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पीएम केयर्स योजना: लाभार्थी बच्चों से मिलीं कलेक्टर

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, संरक्षण एवं समग्र विकास की जानकारी लेने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बच्चों के साथ त्रैमासिक बैठक कर उनसे मुलाकात की। जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा द्वारा आयोजित इस मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने अभिभावक की भूमिका में बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को भेंट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके परिजनों से भी बातचीत कर बच्चों की देखभाल एवं पारिवारिक परिस्थितियों की जानकारी ली। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने पीएम केयर्स योजना के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों की निःशुल्क नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

अपहरण और मारपीट के मामले में 5 गिरफ्तार

अंबिकापुर। बाइकर गैंग द्वारा अपहरण कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मारपीट का वीडियो वायरल होने व शिकायत के बाद 5 नाबालिगों को पकड़ने के साथ ही एक बुलेट बाइक बरामद किया है। बता दें कि पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था जिसमें कुछ बाइकर्स गैंग के लोग एक नाबालिग के साथ मारपीट करते नजर आ रहे थे। इस दौरान यह बात सामने आई कि सड़क पर तेज रफ्तार से वाहन चलाने और स्टंट बाजी करने से मना करने पर अपचारी बालकों का गैंग नाबालिग का अपहरण कर उसे नमनाकला पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड ले गया और वहां उसके स्थ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान वीडियो भी बनाया गया। वहीं जब नाबालिग के साथी उसे बचाने के लिए पहुंचे तो उनके साथ ही मारपीट की गई। इस मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामले में थाना गांधीनगर में बीएनएस की धारा 137(2), 138, 191 (2), 126, 296, 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही 5 विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक को जब्त किया है।

सात समंदर पार से जन्मभूमि के जरूरतमंद परिवारों तक पहुंची दीपावली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अमेरिका में रह रहे चंद्रकांत पटेल की अनूठी पहल, दूरस्थ गांवों में पंडो परिवारों को बांटे जा रहे गिफ्ट हैम्पर

अमेरिका में रह रहे अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल अपनी जन्मभूमि चिरमिरी क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली की खुशियां बांटने की अनूठी पहल कर रहे हैं। आर्थिक कठिनाइयों के कारण त्योहार ठीक से नहीं मना पाने वाले परिवारों के घरों तक दीपावली की रौनक पहुंचाने के उद्देश्य से उनके द्वारा उपहार वितरित करवाए जा रहे हैं।

खास बात यह है कि इस सेवा कार्य में केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज में अध्ययनरत छात्राएं भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। इस पहल के तहत छात्राओं के माध्यम से पहुंचविहीन और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में रहने वाले जरूरतमंद पंडो परिवारों को दीपावली गिफ्ट हैम्पर पहुंचाए जा रहे हैं। इन हैम्परों में मिठाई, पटाखे, दीये, तेल, बाती, लाई, बताशे और रंगोली सहित त्योहार से जुड़ी अन्य सामग्री शामिल है। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को भी दीपावली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाने का अवसर उपलब्ध कराना है। सात समंदर पार रहकर भी अपनी जन्मभूमि और यहां के लोगों से जुड़ाव बनाए रखने वाले चंद्रकांत पटेल की इस पहल का उद्देश्य केवल उपहार बांटना नहीं, बल्कि उन परिवारों के जीवन में खुशियों का दीप जलाना है, जो आर्थिक परेशानियों के कारण त्योहार की तैयारियां नहीं कर पाते। इस पहल से जरूरतमंद परिवारों को त्योहार की सामग्री उपलब्ध होने के साथ ही यह एहसास भी हो रहा है कि दूर रहकर भी कोई उनके सुख-दुख की चिंता करता है। केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज के प्रबंधक विश्वजीत बारीक ने कहा कि इस छोटी-सी पहल से जरूरतमंद परिवारों के घरों में दीपावली की रोशनी पहुंचेगी और उनके चेहरों पर मुस्कान आएगी। इस सेवा कार्य में भागीदारी निभा रहीं छात्राएं भी उत्साहित हैं, वहीं ग्रामीण परिवार इस मानवीय पहल की सराहना कर रहे हैं।



ग्रामीण इलाकों में पैदल पहुंच रहीं छात्राएं

इस सेवा कार्य की खास बात यह है कि छात्राएं दुर्गम और पहुंचविहीन ग्रामीण इलाकों में पैदल चलकर परिवारों के घरों तक पहुंच रही हैं। वे पंडो परिवारों के घरों में सबसे पहले आम के पत्तों से बना तोरण लगाती हैं और फिर अपने हाथों से रंगोली बनाकर घर-आंगन को सजाती हैं। इसके बाद परिवारों को दीपावली का गिफ्ट हैम्पर भेंट करती हैं। छात्राओं की यह पहल जरूरतमंद परिवारों के बीच अपनत्व और खुशियों का संदेश पहुंचा रही है।



कोरिया में शाम से रिमझिम बारिश से बढ़ी ठंड, धान फसल की सुरक्षा को लेकर किसान चिंतित

अर्नब का असर: कोरिया-एमसीबी के स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्र आज रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चक्रवाती प्रभाव के कारण कोरिया-एमसीबी जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। अर्नब के असर के कारण 29 अक्टूबर को दोनों में स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। विदित हो कि पिछले दो दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं, बुधवार को सुबह से ही आसमान बादलों से ढंका रहा। हल्की हवाएं चलने से ठंड का असर भी बना रहा।

दोपहर में जिले के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई, जबकि अपराह्न बाद जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित कई क्षेत्रों में हल्की रिमझिम बारिश हुई। हालांकि, जिले में कहीं भी तेज बारिश होने की सूचना नहीं मिली और न ही तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने चक्रवाती प्रभाव के चलते उत्तरी छत्तीसगढ़ में 28 और 29 अक्टूबर को मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। बुधवार को जिले में दिनभर बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी के बाद बारिश थम गई। वहीं, अपराह्न बाद कई क्षेत्रों में रिमझिम बारिश हुई। गुरुवार को भी बारिश की संभावना जताई गई है। चक्रवाती प्रभाव को देखते हुए कोरिया जिले को येलो अलर्ट पर रखा गया है। वहीं, जिला प्रशासन भी सतर्क है।



धान की फसल पर मंडराया बारिश का खतरा

चक्रवाती प्रभाव से जिले में धान की फसल की सुरक्षा को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। इन दिनों जिले के कई क्षेत्रों में धान की फसल पककर तैयार है। कुछ किसानों ने कटाई शुरू कर दी है, जबकि कई किसान कटाई के बाद धान को खेतों में ही छोड़ दिए हैं। मौसम में बदलाव और बारिश की आशंका को देखते हुए कई किसानों ने कटी हुई धान की फसल को खेतों से उठाकर खलिहानों में सुरक्षित रखना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ किसान अभी तक कटी हुई फसल को पूरी तरह सुरक्षित नहीं कर पाए हैं। ऐसे में उन्हें नुकसान की चिंता सता रही है। किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी पकी धान की फसल को बारिश से नुकसान होने की आशंका है, लेकिन सबसे अधिक खतरा कटाई के बाद खेतों में पड़ी धान की फसल को है। यदि बारिश तेज होती है और कटी हुई फसल समय पर सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंच पाती है, तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज अवकाश

चक्रवात के प्रभाव से भारी वर्षा और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार, 29 अक्टूबर को जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोक्तिमा यादव ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 अक्टूबर को जारी पत्र के परिपालन तथा मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अवकाश का आदेश कोरिया जिले के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर लागू होगा।



एमसीबी के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित

छग राज्य में भारी वर्षा एवं तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर जिला एमसीबी में विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 29 अक्टूबर को जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा एवं तेज हवाओं का प्रभाव रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से विद्यार्थियों को होने वाली संभावित परेशानियों एवं जोखिम को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एहतियातन यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ-साथ सभी शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक शालाओं, माध्यमिक शालाओं, हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में गुरुवार को शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अवकाश रहेगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त एक दिवसीय अवकाश केवल विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों के लिए लागू होगा। यह अवकाश शिक्षकों, आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिए लागू नहीं होगा।

करवा चौथ आज, सुहागिन महिलाएं आज रखेंगी व्रत



बैकुण्ठपुर। पति के लंबी आयु एवं अखण्ड सौभाग्य की कामना का महापर्व करवा चौथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा आस्था एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं सुबह से ही निर्जला व्रत रखती है और रात्रि में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करती है।

करवा चौथ पर्व को लेकर शहर का बाजार पर्व के पूर्व गुलजार रहा। बाजार में विभिन्न तरह के सामानों की खरीदी के लिए महिलाएं जुटी रही। वही सजने संवरने के लिए ब्यूटी पार्लरों मे भी भीड़ रही। पर्व के एक दिन ⏭शेष पेज 2 पर

साड़ियों की खरीदी जमकर हुई

करवा चौथ पर्व पर सुहागिन महिलाएं नए परिधानों में पारंपरिक तरीके से सजती है इसके लिए साड़ी की इस अवसर पर जमकर खरीदी हुई। व्यापारियों ने भी इस पर्व को देखते हुए आकर्षक साड़ियों की बड़ी रेंज दुकानों में रखे हुए थे जहां पूर्व के पूर्व विभिन्न साड़ी दुकानों में साड़ियों की जमकर खरीदी की गई इसके अलावा मैचिंग सेंटर, एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों में श्रृंगार की सामग्री खरीदी करने के लिए लिए महिलाओं की भीड़ देर शाम तक बनी रही।

छलनी की कीमत 50 से 600 तक सेट

स्थानीय एक व्यापारी ने बताया कि उनके यहां 50 रुपए से छलनी की कीमत शुरू होती है और सेट में 600 रुपए तक के उपलब्ध है। करवा चौथ पर छलनी से चांद को देखने के बाद अपने पति का दीदार किया जाता है इसके चलते बाजार में छलनी की मांग अचानक बढ़ गई, वही बाजार में बड़ी कीमत पर छलनी विक्रय की जा रही है।

आज चांद का दीदार होगा मुश्किल

जिस तरह से कोरिया जिले में अर्नब चक्रवात के प्रभाव के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है उसे देखते हुए आज करवा चौथ व्रत के दिन रात्रि में चांद का दीदार करना भी मुश्किल होगा। उल्लेखनीय कि सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ की रात्रि में पूजा उपरांत छलनी से चांद देखने के बाद अपने पति का दीदार करती है लेकिन जिले में दो तीन दिनों से बादलों भरा मौसम होने के कारण आज रात्रि में चांद दिखना भी मुश्किल होगा। पंडितों ने इस परिस्थिति में चांद की प्रतिकृति बनाकर अपना कार्य पूरा करने की सलाह दे रहे।

राज्योत्सव और दीपावली को लेकर प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला एमसीबी में आगामी राज्योत्सव एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में यातायात प्रबंधन, पार्किंग, अग्निशमन, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निराश्रित पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं पशुधन विकास विभाग के समन्वय से संचालित इस पहल से रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद पशु दूर से दिखाई दे सकेंगे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पशुओं एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

दीपावली पर पटाखा दुकानों की जांच

दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात नियंत्रण, पार्किंग तथा आवश्यकता के अनुसार रूट डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अस्थायी पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर लाइसेंस, अग्निशमन उपकरणों एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिए गए। विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं विस्फोटक नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुरूप पटाखों की बिक्री और भंडारण में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण

मनेन्द्रगढ़। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रशासनिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण केंद्र जिला एमसीबी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 29 बालिकाओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कलेक्टर संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान बालिकाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। संबंधित अधिकारियों ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सहायता के लिए संचालित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता और आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

दो विद्यालयों में जागरूकता शिविर, 664 छात्राओं ने लिया भाग



मनेन्द्रगढ़। बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बचपन बचाओ आंदोलन के तहत सुरक्षित बचपन अभियान अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इसके तहत मनेंद्रगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ई. संवर्ग) एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो अधिनियम), शिक्षा के अधिकार तथा बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। यह कार्यक्रम माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और हसदेव उद्गम के संरक्षण पर ध्यान दें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने पेयजल आपूर्ति और प्रधानमंत्री सड़क योजना के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में उनकी अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में जिले में संचालित केंद्रीय जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने योजनाओं के क्रियान्वयन और जिले की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण दिया। सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में प्रधानमंत्री सड़क योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने इनके सुचारु क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सांसद ने बालिका विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और चारदीवारी जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। उन्होंने आवश्यक कार्यों के लिए एसईसीएल को प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए श्रीमती महंत ने दुर्घटनाप्रवण क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने को कहा। भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने तालाबों और नदियों के पुनरुद्धार तथा जल संरक्षण पर केंद्रित कार्य करने के निर्देश दिए। हसदेव नदी के मूल उद्गम को संरक्षित रखते हुए उद्गम स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जल संरक्षण कार्यों, बिहान के माध्यम से महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की पहल और आवास योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निमार्णाधीन 200 बिस्तर वाले अस्पताल का कार्य प्रगति पर है और इसे शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। कलेक्टर ने जनजातीय कार्य मंत्रालय की योजनाओं, कृषि, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की प्रगति भी प्रस्तुत की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास, जनपद पंचायत बैकुंठपुर अध्यक्ष उदय सिंह सहित अन्य नामित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



140 सोलर लाइटों की स्थापना पर उठे सवाल, नप के वाहन व कर्मचारी इस्तेमाल करने का आरोप

अनूपपुर। नगर परिषद डोला में 140 सोलर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना को लेकर एक नया मामला सामने आया है। पहले ही सोलर लाइटों की गुणवत्ता, रोशनी और बैटरी बैकअप को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब लाइटों की स्थापना में नगर परिषद के वाहन और कर्मचारियों के इस्तेमाल को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

यदि सरकारी वाहन और कर्मचारियों से ठेकेदार का कार्य कराया जा रहा है, तो यह जांच का विषय है कि इसकी अनुमति किसने दी और इसकी जिम्मेदारी किसकी है। नगर परिषद डोला में 140 सोलर स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति और स्थापना से जुड़ी प्रक्रिया के बीच यह सवाल उठ रहा है कि लाइटों को लगाने के लिए किसके संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आरोप है कि स्थापना कार्य में नगर परिषद के वाहन और कर्मचारियों की मदद ली जा रही है। इस मामले में तकनीकी निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित इंजीनियर को स्थापना कार्य के संबंध में पूरी जानकारी नहीं है।



खबर संक्षेप



शिक्षक फेडरेशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

रामानुजनगर। छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष शशिभूषण दुबे का शिक्षकों ने समारोह आयोजित कर स्वागत किया। संगठन द्वारा सूरजपुर स्थित परशुरामपुर मंदिर में आयोजित समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय साहू को खंड स्त्रोत समन्वयक बनाए जाने पर सम्मान किया गया वहीं रिक्त पद पर फेडरेशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष शशिभूषण दुबे का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक फेडरेशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शशिभूषण दुबे ने कहा कि वे संगठन के द्वारा मिले दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन की मजबूती के लिए पूरी क्षमता से काम करेंगे। उन्होंने संगठन के बहुप्रतीक्षित मांगों एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराने संगठन के सदस्य को एकजुट रहने का अह्वान किया। इस दौरान सच्चिदानंद दुबे, देवेंद्र पाण्डेय, बृजेश तिवारी, विश्वनाथ सिंह, नवल किशोर गुप्ता, अमोल सिंह, गुड्डी राही, उर्मिला सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

पाक कला के राष्ट्रीय मंच पर हुनर दिखाने रवाना हुए ओपीएस के विद्यार्थी



अम्बिकापुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित यंग इंडिया कलिनरी चैंपियनशिप के क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के 4 प्रतिभागी मुंबई के लिए रवाना हुए। यह क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता भारतीय विद्यापीठ, मुंबई में 27 अक्टूबर को आयोजित होगी। मुकाबला दो श्रेणियों में होगा, कुकिंग विदाउट फायर और कुकिंग विद फायर। विद्यालय के इस प्रतिभाशाली दल में कुकिंग विद फायर श्रेणी में अदनान मलिक, अदाया पैंकरा एवं कुकिंग विदाउट फायर श्रेणी में भौमिक यादव, विद्योत्तमा पैंकरा तथा प्रभारी शिक्षिका श्रीमती सईदा खानम के नेतृत्व में मुंबई के लिए रवाना हुए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के लिए विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरगवां द पैलेस रिजॉर्ट के एक्जीक्यूटिव शेष गणेश प्रसाद के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। विशेष प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने उन्नत कुकिंग तकनीकों, फूड प्रेजेंटेशन, और हाइजीन के महत्वपूर्ण गुर सीखे हैं। संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे छात्र अपनी पाक कला प्रतिभा और कड़े प्रशिक्षण के बल पर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे तथा राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी जगह पक्की करेंगे।

स्थायी शिक्षा समिति की हुई बैठक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर



रामानुजनगर। विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से स्थायी शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामप्रताप साहू ने की। विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की जिम्मेदारी, विद्यार्थियों की उपस्थिति, ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति की सदस्य श्रीमती चन्द्रकला उपाध्याय, श्रीमती परमेश्वरी सिंह, रोहित सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश साहू, खंड स्त्रोत समन्वयक विजय साहू, बीपीओ रविनाथ तिवारी, स्पेशल एजुकेटर नीलम पटेल, बृजलाल साहू सहित विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश साहू ने संकुल समन्वयकों से विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति को शिक्षा की गुणवत्ता से जोड़ते हुए कहा गया कि बच्चों को विद्यालय से जोड़कर रखना और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में छात्रावासों एवं आश्रमों में शिक्षकों से लिए जा रहे कार्यों से संबंधित रहा। साथ ही छात्रावासों के आसपास स्थित विद्यालयों के शिक्षकों को छात्रावास अधीक्षक का दायित्व सौंपने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई, ताकि शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की पढ़ाई के बीच बेहतर संतुलन बनाया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी संकुल समन्वयकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के संबंध में अपने-अपने सुझाव रखे।

फटे बोरों से सड़क पर उड़ता भूसा बन रहा परेशानी का सबब

एनएच पर हादसे को न्यौता दे रहे भूसे से भरे ओवरलोड वाहन



भूसा लोड वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर भूसे से लदे मालवाहक वाहन राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। वाहनों में असुरक्षित तरीके से भूसा लोड कर तेज रफ्तार से दौड़ाया जा रहा है। बोरों से निकलकर हवा में उड़ने वाला भूसा पीछे चल रहे दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों और पैदल राहगीरों की आंखों, नाक और मुंह में घुस रहा है। इससे वाहन चालकों का ध्यान भटकने और संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। व्यस्त सड़क पर इस तरह की लापरवाही कभी भी गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके बावजूद भूसे का असुरक्षित परिवहन लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है।

खास बात

- आंखों में कण जाने से हादसों का बना खतरा

राइस मिलों से पावर प्लांट तक पहुंचता है भूसा

जानकारी के अनुसार, राइस मिलों में धान की कुटाई के बाद निकलने वाले भूसे की पावर प्लांट संचालकों द्वारा खरीद की जाती है। इसका उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है। सूरजपुर, अंबिकापुर सहित आसपास के जिलों से भूसे का परिवहन स्थानीय स्तर पर होने के साथ ही दूसरे जिलों और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी किया जाता है। इसके लिए ट्रकों और अन्य मालवाहक वाहनों में भूसे को बोरों में भरकर गंतव्य तक पहुंचाया जाता है। भूसे की ढुलाई से जुड़े इन वाहनों की आवाजाही राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर लगातार बनी रहती है। लेकिन परिवहन के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी राहगीरों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। कई वाहनों में भूसे से भरे बोरे इस तरह रखे जाते हैं कि उनके फटने या उनसे भूसा बाहर निकलने की आशंका बनी रहती है। वहीं, बोरों की सिलाई कमजोर होने और उन्हें ठीक से नहीं बांधने के कारण रास्ते में भूसा हवा में उड़ता रहता है।

हवा में उड़ते भूसे के बारीक कण बन रहे दुर्घटना का कारण

भूसे से लदे वाहनों के पीछे चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन की रफ्तार और हवा के दबाव के कारण बोरों से निकलने वाले भूसे के बारीक कण पीछे की ओर उड़ते हैं। ऐसे में बाइक या स्कूटी से सफर कर रहे लोगों की आंखों में अचानक भूसे का कण चला जाता है। इससे कुछ पल के लिए सामने का रास्ता दिखाई देना मुश्किल हो सकता है। चालक की नजर सड़क से हटने या संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। यही स्थिति साइकिल सवारों और पैदल चलने वालों के लिए भी परेशानी पैदा करती है। खासकर व्यस्त मार्गों पर जब एक ओर भारी वाहन चल रहे हों और दूसरी ओर दोपहिया वाहन चालक उनसे आगे निकलने या सुरक्षित दूरी बनाए रखने का प्रयास कर रहे हों, तब उड़ता भूसा खतरे को और बढ़ा देता है। एन एच -43 पर आवागमन के दौरान लोगों को भारी वाहनों के बीच सावधानी बरतनी पड़ती है। ऐसे में भूसे से लदे वाहनों के पीछे चलना दोपहिया सवारों के लिए अतिरिक्त जोखिम पैदा करता है। कई बार वाहन चालक आगे चल रहे ट्रक से पर्याप्त दूरी बनाए रखने के बावजूद हवा में उड़ते भूसे से बच नहीं पाते। परिवहन के दौरान भूसा उड़ने से रोकने के लिए वाहनों पर उपयुक्त ढकाव की व्यवस्था भी आवश्यक है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस और प्रशासन से इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर असुरक्षित तरीके से भूसा लोड कर चलने वाले वाहनों की जांच की जानी चाहिए। जिन वाहनों से भूसा लगातार उड़ता रहता है, उनके संचालकों को सुरक्षित परिवहन के लिए निर्देशित किया जाए। साथ ही परिवहन संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।



ऑल इंडिया चेस टूर्नामेंट में हिमाल बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुसीमा वेल्फेयर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता का 8 चक्रो के खेल के बाद समापन किया गया।

अंतिम चक्र में पहले टेबल पर कलकत्ता के आइएम हिमाल गुसैन ने मध्यप्रदेश के वैभव नेमा को कड़े संघर्ष में हराया और 7.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट के चैम्पियन बने। इन्हें 61000रू नगद पुरस्कार और विजेता ट्राफी से सम्मानित किया गया। दूसरे टेबल पर कौस्तुभ कुण्डु और छत्तीसगढ़ के स्टार खिलाड़ी यशद बाम्बेश्वर के बीच बाजी बराबरी पर छुटी और कौस्तुभ 7 अंको के साथ उपविजेता बने। उन्होंने 41000रू नगद तथा उपविजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। महाराष्ट्र के श्रेयस घादी ने छत्तीसगढ़ के विनोद शर्मा को हराया और तीसरा स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के यशद बाम्बेश्वर, झारखण्ड के तनिष्क कुमार, छत्तीसगढ़ के गगन साहू, पश्चिम बंगाल के सप्त ऋषि तालुकदार, छत्तीसगढ़ के मास्टर विनोद शर्मा 6.5 अंकों के साथ क्रमशः चौथे, पांचवे, छठवें, सातवें और आठवें स्थान पर रहे। 1650 वर्ग के नीचे मध्यप्रदेश के यशवर्धन सिंह चौहान पहले, छत्तीसगढ़ के साहिल सागर दूसरे और अम्बिकापुर के 7 वर्षीय नन्हें प्रज्वल पाण्डे ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अनरेटेड ग्रुप में छत्तीसगढ़ के शुभम कुमार प्रथम और जशपुर के एलन रफेल लकड़ा दुसरे स्थान पर रहे। स्पेशल प्राइज सरगुजा ग्रुप में सूरजपुर के अभिषेक राजवाड़े प्रथम, अम्बिकापुर के अंशुमान सहाय द्वतीय, रोहन गुप्ता तृतीय, सीतापुर के सुशील कुमार चौथे और जशपुर के गणेश राम भगत पांचवे स्थान पर रहे।



मौसम बदलने से किसानों को सता रही धान की फसल खराब होने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

क्षेत्र में मंगलवार से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम में आए बदलाव और संभावित बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में धान की कटाई जारी है। कुछ किसानों की धान की फसल कट चुकी है, जबकि कई किसानों की फसल खेतों में पककर तैयार है। ऐसे में तेज बारिश होने पर धान की फसल खराब होने की चिंता सता रही है। मौसम खराब होने से कटाई और मिंजाई का काम प्रभावित होने के साथ ही खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की चिंता बढ़ गई है। लगातार बारिश होने पर फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

- भारी बारिश की आशंका से किसान चिंतित, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से अतिवृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां की है। इसके लिए प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यार्थियों को दी गई पॉक्सो एक्ट एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण, उनके अधिकारों एवं सुरक्षित वातावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना तथा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

- शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हिमांशु पण्डा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, 2012 के विभिन्न प्रावधानों की सरल एवं सहज भाषा में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा, गरिमा एवं अधिकारों का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग, ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सतर्कता बरतने तथा किसी भी अनुचित परिस्थिति में विश्वसनीय व्यक्ति एवं संबंधित प्राधिकरण से सहायता लेने के संबंध में जागरूक किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, विधिक सहायता एवं आम नागरिकों को उपलब्ध कानूनी सेवाओं की जानकारी भी दी गई। अभियान के तहत प्रथम चरण में 26 से 31 अक्टूबर तक एक सप्ताह का गहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जबकि द्वितीय चरण में 12 नवंबर से नवंबर 2027 तक विद्यालय स्तर पर क्षमता निर्माण एवं जागरूकता गतिविधियां निरंतर संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,के अध्यक्ष थॉमस एक्का के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण की सचिव पायल टोपनो के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुजूर, प्रभारी शिक्षक ओमप्रकाश राजवाड़े तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स सत्य नारायण एवं उमेश कुमार राजवाड़े उपस्थित रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के विवादित बयान के खिलाफ भाजयुमो ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश संगठन के आह्वान पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में दिए गए अमर्यादित बयान के विरोध में भाजयुमो घड़ी चौक पर सोमवार को पुतला दहन कर कड़ा विरोध जताया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और इस प्रकार की ओछी राजनीति की भर्त्सना की।

पदाधिकारियों ने कहा कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री के परिजनों और दिवंगत पिता के खिलाफ इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी कांग्रेस की गिरती हुई राजनीतिक संस्कृति और उनकी हताशा को दर्शाता है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके परिवार के त्याग व संघर्ष से भली-भांति परिचित है, और ऐसे अमर्यादित बयानों से देश की जनता कांग्रेस को लगातार नकार रही है। कांग्रेस पार्टी राजनीतिक विफलताओं से बौखलाकर इस प्रकार के स्तरहीन हथकंडे अपना रही है, जिसे युवा मोर्चा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस नेतृत्व अपनी ओछी हरकतों से बाज नहीं आया, तो युवा मोर्चा उग्र आंदोलन करेगा। विरोध प्रदर्शन में महामंत्री अविनाश मंडल, उपाध्यक्ष रिशु अंबष्ट, रमन सिंह पदम, अनुराग शुक्ला, ओंकारेश्वर सिंह, अभिषेक माथुर, दीपू पाण्डेय, आनंद साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुरक्षा कर्मियों से मारपीट और बाइक जलाने के मामले में पुलिस संदिग्धों से कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की एक्शेवेशन वर्कशॉप और बलरामपुर खदान में रविवार रात चोरी की वारदातों के दौरान चोरों द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। आरोप है कि केबल चोरी और यूकेलिप्टस के पेड़ों की अवैध कटाई का विरोध करने पर बदमाशों ने सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट की और उनकी बाइक को आग के हवाले कर दिया,मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर संदिग्धों की धरपकड़ तेज कर दी है,पुलिस आज दूसरे दिन भी चोरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी करती रही और कबाड़ का कारोबार करने वाले पुराने रिकॉर्ड वाले लोगों से भी पूछताछ की गई।

- हर माह डेढ़ करोड़ से अधिक खर्च, फिर भी खदानों में चोरी पर अंकुश नहीं

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में सक्रिय बदमाश अब कोयला, कबाड़ और केबल चोरी के साथ खदान क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए यूकेलिप्टस के पेड़ों को भी निशाना बना रहे हैं,पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों की तस्करी किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि इस अवैध गतिविधि में जयनगर, केनापारा तेलईकछार और सिलफिली क्षेत्र के कुछ युवकों का गिरोह सक्रिय है।

50 मीटर से अधिक दुरी की आर्मर्ड केबल हुई चोरी

रविवार रात चोरों ने बंद पड़ी बलरामपुर खदान में प्रवेश कर 50 मीटर से अधिक लम्बाई की आर्मर्ड केबल चोरी कर ली,इससे पहले करीब पखवाड़े भर पूर्व भी चोरों ने सात-आठ खदानों से केबल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था,लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद चोरी पर प्रभावी अंकुश नहीं लगने से एसईसीएल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। खदानों की सुरक्षा के लिए प्रबंधन त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों के अलावा मैगजीन की सुरक्षा में सीआईएसएफ सहित क्षेत्र की सुरक्षा में विभागीय सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं ले रहा है। इनकी तैनाती, वेतन और अन्य सुविधाओं पर प्रबंधन प्रतिमाह डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रहा है। इसके बावजूद खदान क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

दो साल से तैनात हथियारबंद जवान, चोरी की घटना रोकने में रहे नाकाम

खदानों की सुरक्षा में तैनात हथियारबंद जवान भी खदान क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं,बताया जाता है कि कोयला, कबाड़ और केबल चोरी रोकने के उद्देश्य से प्रबंधन ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों के साथ अनुबंध किया था। दो साल से अधिक समय से जवान क्षेत्र में तैनात हैं, लेकिन चोरी की घटनाओं में अपेक्षित कमी नहीं आई है। लगातार हो रही चोरी के बीच सुरक्षा कर्मियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों और चोरों के बीच मिलीभगत की चर्चाएं भी हैं, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रविवार रात सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट और बाइक जलाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को और गंभीर कर दिया है।वहीं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा खदानों की सुरक्षा व्यवस्था की समय समय पर समीक्षा नहीं कराई जा रही है जिसका खामियाजा कम्पनी को भुगतना पड़ रहा है।

सूरजपुर में भी किया गया पुतला दहन

सूरजपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा की गई अभद्र एवं अमर्यादित बयानबाजी के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने उग्र प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन चौक पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में मल्लिकार्जुन खरगे का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के इस कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं और वहां तैनात पुलिस कर्मियों के बीच तीखी झड़प और झूमाझटकी हुई। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को रोकने के कड़े प्रयास किए गए, लेकिन युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ हुए इस कड़े संघर्ष के बीच कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि देश के जननेता के खिलाफ ऐसी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कांग्रेस की ओछी मानसिकता और हताशा को दर्शाता है, जिसे भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और देश का युवा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान शशिकांत गर्ग, रितेश गुप्ता, संत सिंह, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, बबलू गुप्ता, शैलेश अग्रवाल, बिसेन तायल, सोनू गुप्ता, अरविंद केजरीवाल, नीरज जिन्दिया, सहीम अंसारी, दीक्षित वर्मा, सौनू साहू, विशाल गुप्ता, विक्की सोनवानी, दिलीप साहू, हर्ष गुप्ता, महेंद्र साहू, गौरी शंकर साहू, अमन साहू, प्रिंस साहू, शानू साहू, गौरव दुबे, उगेंद्र राजवाड़े, हेमंत बैगा, पटेल ठाकुर, राजू साहू, कृष्णा राजवाड़े, भुनेश्वर साहू, बल्लू साहू, मनोज साहू, महेंद्र साहू, रविंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



पीएमश्री सेजेस स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

बरमकेला। खेल के मैदान में कड़ी मेहनत अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर पीएम श्री सेजेस बरमकेला के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सरगुजा में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में पदक हासिल किया है।

स्पर्धा में सकूल के 30 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का परिचय देते हुए बालक वर्ग के तीनों आयु वर्गों में गोल्ड मेडल जीतकर शानदार सफलता हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के कुल 15 खिलाड़ियों का चयन नेशनल लेवल की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस बरमकेला के बालक खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन किया। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय की खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीनों आयु वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त करना विद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी खेल क्षमता, तकनीकी दक्षता, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया।



पृष्ठ 1 का शेष

करवा चौथ आज...

पूर्व बुधवार को शहर के बाजार में विभिन्न दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। बाजार में सबसे मिट्टी के करवा खरीदी के लिए सबसे अधिक भीड़ देखी गई। बाजार में विभिन्न तरह व साईज के कलात्मक करवा की खरीदी के लिए लोग जुटे रहे। इसके अलावा सींक, दीए, अक्षत, कुमकुम सहित अन्य तरह के पूजन सामग्री खरीदी करने के लिए भी दुकानों में महिलाओं की भीड़ देर शाम तक बनी रही। वही आज सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर रात्रि पूजा करेंगी।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमृपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

बाइक रोककर युवक से की मारपीट, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। ग्राम महावीरपुर के तुरियाबाड़ी के पास रास्ता रोककर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है,पीड़ित मृत्युंजय विश्वास उर्फ मिथुन ने गांव के ही अंशू राय सहित तीन लोगों पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने और हाथ-मुक्के व पत्थर से हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने 27 अक्टूबर को जयनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है,शिकायत के अनुसार ग्राम संजयनगर निवासी 35 वर्षीय मृत्युंजय विश्वास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अजीरमा से महावीरपुर होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान महावीरपुर के तुरियाबाड़ी के पास गांव का ही अंशू राय बाइक से पहुंचा और अपनी गाड़ी पीड़ित की बाइक के सामने खड़ी कर रास्ता रोक दिया,पीड़ित का आरोप है कि अंशू राय एवं साथियों ने उस पर गाली गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों तथा पत्थर से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से उसके चेहरे, आंख, नाक और कंधे में चोटें आई हैं।रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केशवनगर निवासी जेठू राम आ. स्व. मनबोध रवि (78 वर्ष) गत दिन मोपेट से किराना सामान लेने विश्रामपुर जा रहा था। जैसे ही वृद्ध अम्बेडकर चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 10 बीजे 3867 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। परिजन वृद्ध को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। दूसरी घटना में पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम सरगड़ी निवासी पूरन राम आ. पतु राम (36 वर्ष) 23 अक्टूबर को सास दशमतिया बाई को लेकर खाता खुलवाने प्रतापपुर बैंक गया था। बैंक में खाता खुलवाने के बाद सास को दूसरे वाहन से भेज कर अकेले बाइक से घर आने लगा। जैसे ही बाइक सवार मायापुर चंदौरा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

बलरामपुर। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी की दो बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 12 सितंबर की रात इंडेन गैस गोदाम के पास से रॉयल एनफील्ड बुलेट बाइक 26 सितंबर को जिला अस्पताल से होंडा शाईन मोटरसाइकिल की शिकायत की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा जांच के आधार पर राजपुर धंधापुर हाल मुकाम अंबिकापुर नमनाकला निवासी 26 वर्षीय सुशील शांडिल्य आ. साघवन शांडिल्य को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से रायल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल एवं होंडा शाईन को बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

युवा उड़ान 2026 का नवीन गर्ल्स कॉलेज में आयोजन

छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष ने किया युवाओं के साथ संवाद

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नवीन गर्ल्स कॉलेज, बैकुंठपुर के प्रांगण में 'युवा उड़ान 2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। छ.ग. राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना और उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा रचनात्मक सोच विकसित करना है।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए छ.ग. राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि आज के दौर में युवाओं के लिए केवल किताबी शिक्षा हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने हुनर, कौशल, जिज्ञासा और रचनात्मकता को निरंतर विकसित करने की आवश्यकता है। युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उसे सही दिशा देने की जरूरत है। तोमर ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करने की अपील की। वर्तमान डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया के सकारात्मक और सही उपयोग के प्रति जागरूक किया। खेल जगत का उदाहरण देते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी और ज्ञानेश्वरी देवी से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उद्बोधन के अंत में उन्होंने एक भावुक अपील करते हुए युवाओं को सलाह दी कि वे जीवन में सफलता के किसी भी शिखर पर पहुँच जाएं, लेकिन अपने माता-पिता के योगदान और उनके त्याग को कभी न भूलें। गौरवशाली इतिहास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने भारत के गौरवशाली इतिहास के पुनर्जागरण पर बात रखी। उन्होंने वन इलेक्शन (एक चुनाव) जैसे राष्ट्रीय विषयों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका को सबसे अहम बताया। जिला पंचायत कोरिया की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने अपने संबोधन में पढ़ाई और खेल, दोनों के बीच संतुलन और इनकी महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन के हर क्षेत्र में एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण (साइंटिफिक टेंपर) अपनाएं ताकि समाज में तार्किक और नई सोच का विकास हो सके। इसी क्रम में केबी जायसवाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एक देश का विकास पूरी तरह से उस देश के युवाओं की सोच पर निर्भर करता है। उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनने की अपील की, ताकि उन्हें देश-दुनिया के प्रेरणादायक कार्यों और नवाचारों की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया के जिलाध्यक्ष शारदा प्रसाद गुप्ता, सीए प्रशांत गुप्ता, तीरथ राजवाड़े मीडिया प्रभारी भाजपा, पार्षद संजय जायसवाल, सतेंद्र राजवाड़े, मनोज सोनवानी, जय चक्रधारी, विकास दुबे, राकेश चौरसिया मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन समारोह के समापन अवसर पर नवीन गर्ल्स कॉलेज, बैकुंठपुर के प्राचार्य डॉ. रंजना कच्छप ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम में अपने विचार साझा करने वाले सभी अतिथियों, वक्ताओं, आयोजक मंडल और उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

नगुला में पेयजल संकट, नदी के भरोसे ग्रामीणों की दिनचर्या

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर



जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नगुला में पेयजल की समस्या ग्रामीण जीवन की बुनियादी चुनौतियों को उजागर कर रही है। पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 में पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने हैंडपंप उत्खनन की मांग उठाते हुए ग्राम पंचायत के माध्यम से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवेदन सौंपा है।

ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग शीघ्र आवश्यक कदम उठाए। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत के विभिन्न वार्डों में रहने वाले लोग आज भी अपनी दैनिक जरूरतों और घरेलू कार्यों के लिए काफी हद तक स्थानीय नदी पर निर्भर हैं। पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए नदी पर निर्भरता यह सवाल खड़ा करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षित और सुलभ जलापूर्ति की व्यवस्था कितनी प्रभावी है। पेयजल प्रत्येक परिवार की दैनिक आवश्यकता है। घरों में खाना बनाने, पीने, साफ-सफाई और अन्य घरेलू कार्यों के लिए नियमित रूप से पानी की उपलब्धता जरूरी है। ऐसे में यदि ग्रामीणों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए स्थानीय नदी पर निर्भर रहना पड़ रहा है, तो यह उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाला गंभीर विषय है। विशेषकर गर्मी के मौसम में जलस्रोतों की उपलब्धता और पानी की गुणवत्ता को लेकर कठिनाइयां बढ़ने की आशंका रहती है। वार्ड क्रमांक 12 में हैंडपंप उत्खनन की मांग को लेकर दिया गया आवेदन अब संबंधित विभाग के लिए कार्रवाई का विषय है। आवश्यक है कि विभागीय अधिकारी मौके की स्थिति का निरीक्षण करें, उपलब्ध जलस्रोतों की जानकारी लें और पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में पहल करें।

विकास के दावों के बीच जवाबदेही का सवाल

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का वास्तविक आकलन केवल योजनाओं और घोषणाओं से नहीं, बल्कि आम नागरिकों तक बुनियादी सुविधाओं की पहुंच से होता है। जब किसी पंचायत के ग्रामीण पेयजल जैसी आवश्यक सुविधा के लिए आवेदन देने को मजबूर होते हैं और दैनिक जरूरतों के लिए नदी पर निर्भरता बनी रहती है, तो यह स्थिति स्थानीय स्तर पर सुविधाओं की उपलब्धता और उनकी निगरानी पर सवाल खड़े करती है।

मवेशियों की मौत पर मुआवजा नहीं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में वनपट्टा संबंधी जांच, मानदेय भुगतान, अभिलेखों में त्रुटि सुधार, भूमि से कब्जा हटवाने, पशु शेड निर्माण के लिए सहायता तथा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न विषयों के कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने जनदर्शन को शासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का माध्यम बताते हुए प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर के मोबाइल पर सोनहत विकासखंड के दूरस्थ ग्राम गोयनी की श्रीमती उर्मिला बाई का फोन आया। कलेक्टर ने कॉल उठाकर उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी। महिला ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से उनके मवेशियों की मौत हो गई थी, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिला है। बातचीत के दौरान कलेक्टर ने हंसते हुए पूछा कि उन्हें उनका मोबाइल नम्बर कहां से मिला। इस पर उर्मिला बाई ने बताया, सोनहत में जब आप आए थे, तब एक भैया से नंबर लिया था। कलेक्टर ने शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित एसडीएम को प्रकरण की संपूर्ण जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी मामले की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

एआईसीसी पर्यवेक्षक पहुंचे कोरिया, दिल्ली चलो राष्ट्रीय रैली के आवाज को किया बुलंद

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत 28 अक्टूबर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय संयुक्त बैठक एवं पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। एआईसीसी पर्यवेक्षक देबासिस पटनायक, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत तथा पीसीसी पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एआईसीसी पर्यवेक्षक देबासिस पटनायक, एवं एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं, विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं हटाने में पारदर्शिता, दोहरे पंजीकरण तथा निर्वाचन आयोग की जवाबदेही से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची की विश्वसनीयता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद है। पार्टी ने मतदाता सूची में हुए बदलावों का विस्तृत विवरण सार्वजनिक करने, संदिग्ध विसंगतियों की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच कराने तथा प्रभावित मतदाताओं को नाम जुड़वाने और त्रुटियों में सुधार के लिए प्रभावी अवसर उपलब्ध कराने की मांग की। कांग्रेस ने इन सवालों को किसी एक चुनाव या एसआईआर प्रक्रिया तक सीमित न मानते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं की पारदर्शिता और जनता के विश्वास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। अभियान के आगामी चरणों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के समन्वय से 1 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल राष्ट्रीय रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली के माध्यम से मतदाता सूची की पारदर्शिता, चुनावी निष्पक्षता और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय रैली की तैयारियों, अभियान के संदेश को व्यापक जनसमर्थन तक पहुंचाने तथा कोरिया जिले से कांग्रेसजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कोरिया प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, बीएल राजवाड़े आशीष यादव लल्ला, सुरेश सिंह, अजीत लकड़ा, प्रवीर भट्टाचार्य बंशगोपाल शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, हेमसागर यादव जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, संगठन के पदाधिकारी, पार्षदगण, नगरपालिका बैकुंठपुर एवं शिवपुर चरचा के दावेदार, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल, सेक्टर, बूथ पंचायत के सभी पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

राजीव भवन में जिला स्तरीय संयुक्त बैठक एवं प्रेसवार्ता का आयोजन



बूथ-पंचायत स्तर तक पहुंचेगा अभियान

संयुक्त बैठक में अभियान को केवल बैठकों और पत्रकारवार्ताओ तक सीमित न रखकर जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर जोर दिया गया। कांग्रेसजन गांव-गांव में चौपालों के माध्यम से आम नागरिकों से संवाद करेंगे तथा बूथ एवं पंचायत स्तर पर मतदाता सूचियों का सत्यापन कराएंगे। बैठक में जिले के संगठनात्मक पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षों, बूथ-पंचायत अध्यक्षों, मोर्चा-संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागों तथा इछअ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वोट बचाओ देश बचाओ अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकारों की रक्षा, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करना है। इसके लिए संगठन के प्रत्येक स्तर पर सक्रियता बढ़ाते हुए जनसंपर्क, चौपालों और मतदाता सूची के सत्यापन के माध्यम से अभियान को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 30 को

जांजगीर-चांपा। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

भैयाथान और सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में किया प्रदर्शन



भैयाथान। कांग्रेस ने भैयाथान चौक पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। भैयाथान और सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया और उनके इस्तीफे की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर भैयाथान तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भैयाथान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विद्यात्री सिंह देव और सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप राजवाड़े के संयुक्त नेतृत्व में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े सहित कांग्रेस के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। भैयाथान चौक पर जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और निर्वाचन व्यवस्था की जवाबदेही पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध जताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जनता के मताधिकार और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर निर्भर करती है।



